
The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगंदर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# शिवालयों में उमड़े भक्त, जलाभिषेक कर महादेव को रिझाया

## महाशिवरात्रि के पर्व पर कांवड़ियों ने प्रभु आशुतोष का कराया गंगाजल से स्नान, भजनों में डूबे भक्तों ने लगाए जयकारे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिले भर में महाशिवरात्रि के पर्व पर शिवालयों में भक्तों का हुजूम उमड़ा तो हर-हर व बम-बम की गूंज दूर तक सुनाई दी। कांवड़ियों ने शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया। लोगों ने व्रत रखकर मंदिरों में बेलपत्र अर्पित किए। कई स्थानों पर मेलों और भंडारों का आयोजन हुआ।

शुक्रवार के दिन महाशिवरात्रि पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भोर के समय से ही धार्मिक गतिविधियां शुरू हो गईं। मंदिरों में भक्तों की कतारें दूर तक लगी थीं। इनमें भी महिलाओं और बच्चों की संख्या सर्वाधिक थी। भक्तों ने शिव शंकर के साथ ही भगवान गणेश, कार्तिकेय व नंदी समेत पूरे शिव परिवार पर जल चढ़ाया। बेलपत्र, धतूरा, बेर व पुष्प भी अर्पित किए गए।

बिरुआवाड़ी मंदिर, गौरीशंकर मंदिर व नगला मंदिर पर दोपहर तक भक्तों की कतारें लगी रहीं। मंदिर के बाहर सपेरे नाग लिए बैठे थे। यहां भक्तों को नाग देवता का दर्शन व स्पर्श करने का अवसर मिला। प्रसाद से लेकर माला आदि की दुकानें भी मंदिर के बाहर लगी थी। शाम को विद्युत चालित झालरों से मंदिर परिसर जगमगा उठे। सायंकालीन आरती में भी लोगों ने भाग लिया।

पटियाली सराय के दरीबा मंदिर स्थित विशेष शिवलिंग पर पूजन के लिए भीड़ रहीं। रंग बदलने वाले शिवलिंग के दर्शन करके भक्तों ने मनौतियां मांगी। गौरीशंकर मंदिर के विशेष रसलिंग को देखने बड़ी तादाद में श्रद्धालु उमड़े।

वहीं, दूसरी ओर शिवालयों पर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही। मंदिरों के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। इसमें महिला पुलिस भी शामिल रही।

**शिवालयों में उमड़ी भीड़:**

**वजीरगंज :** एमएफ हाईवे स्थित भोलानाथ धाम पर अपने आराध्य का जलाभिषेक करने को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक किया। वहीं, इलाके के शिवभक्त भागीरथी गंगा घाट, हरिद्वार, चौबारी गंगा से जल भर कर लाए। उनके द्वारा अपने आराध्य शिवजी का जलाभिषेक किया। साथ ही बेलपत्र, धतूरा, बेर भेंट किया।

**भक्तों ने की आराधना, मन्नतें मांगी: विजय नगला :** क्षेत्र के बिनावर, अंबियापुर, घटबेटी, असिर्स बर्खिन आदि सहित अन्य गांवों में बने शिव मंदिर पर शिवरात्रि का महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिरों के बाहर सुबह से भक्तों की कतारें लग गई थीं। उनके द्वारा भगवान शिव का जलाभिषेक कर मन्नतें मांगी।


बिरुआवाड़ी मंदिर में भगवान का जलाभिषेक करते शिवभक्त। ● अमृत विचार


मंदिर के अंदर अपनी बारी का इंतजार करते भक्तजन। ● अमृत विचार


शिवालयों को टैक्टर-ट्रॉली से जाते श्रद्धालु।


कावंड़ के साथ मंदिर की ओर जाते शिवभक्त।

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि ने लगाई पत्र प्रदर्शनी



**बिल्सी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा के तत्वावधान में क्षेत्र के गांव अहमदनगर असौली के शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि के उपलक्ष में एक पत्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका सीओ सुशील कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर आरंभ किया। यहां बीके ऊषा के द्वारा बताया गया कि आप आत्मा है, मन, बुद्धि, संस्कार सभी आत्मा से जुड़ा हुआ है। शरीर में आत्मा एक सॉफ्टवेयर है, जिस प्रकार सॉफ्टवेयर को बाहर निकलने पर कार्य करना बंद कर देते है। उसी तरह जैसे ही वह शरीर से आत्मा बाहर निकली जाती है तो शरीर काम करना बंद कर देता है। उन्होने चित्र प्रदर्शनी में समझाते हुए स्वयं का सत्य परिचय और परमपिता परमात्मा शिव का सत्य परिचय कराया। इस मौके पर ग्राम प्रधान राजपाल सिंह, बीके कुसुम, गीता, ममता, अरविंद कुमार, प्रीती आदि मौजूद रहे।

### एक लाख से अधिक भक्तों ने लगाई गंगा में डुबकी



**कछला/उझानी।** गंगा घाट के दोनों किनारों पर रात भर गंगा स्नान करने और कावड़ भरने वाले शिव भक्तों का जमावड़ा लगा रहा। गंगा घाट के दोनों तरफ लगभग एक लाख श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर भोलेनाथ पर अर्पित करने के लिए जल भरा। कांवड़ यात्री अपनी अपनी कांवड़ में जल भरने के बाद विधि-विधान से पूजन करते दिखे। रात के मौसम में ठंडक होने के उपरांत भी शिव भक्तों के जोश में कोई कमी नहीं आई। गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण घाट के दुकानदारों की दुकानों में पानी घुस गया। उनके द्वारा दुकानें दूसरे स्थान पर लगानी पड़ी। सुबह होने तक घाट पर शिव भक्तों की संख्या बहुत कम रह गई। गंगा मैया की जय और हर हर महादेव जयजयकार करते हुए शिव भक्तों ने गंगा स्नान करने के बाद अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान किया। वहीं दूसरी ओर महाशिवरात्रि के पर्व पर क्षेत्र के ग्राम बुर्रा फरीदपुर स्थित शिव मंदिर पर मेला लगा। भक्तों ने भगवान शिव का कई क्विंटल दूध से स्नान कराया।

### मंदिर के बाहर लगी रहीं कतारें

**मुजरिया।** कोल्हाई स्थित मंदिर पर हजारों की संख्या में भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। वहीं, मंदिर के बाहर लगे मेला का उनके द्वारा आनंद उठाया गया। लोगों ने मेला में खरीदारी की। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था के तहत मेला में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।


मंदिर के बाद पूजा-अर्चना के लिए लगी कतार। ● अमृत विचार

### मंदिरों को झालरों से सजाया

**बिसौली।** शिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर के नाथ जी मंदिर को विशेष आकर्षण युक्त ढंग से रंग बिरंगे फूलों और बिजली की झालरों से सजाया गया। सुबह भोर से ही हर हर महादेव की गूंज सुनाई देने लगी। जलाभिषेक करने वाले भक्तों की भीड़ जुटने लगी थी। मंदिर परिसर में दिन भर भजन कीर्तन का दौर चलता रहा। इधर, जायन्ट्स ग्रुप ऑफ महिला समृद्धि यूनिट डायरेक्टर अनुपम वार्ष्णेय, अध्यक्ष राखी वार्ष्णेय, सचिव पिंकी वार्ष्णेय आदि ने मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। भक्तों की भीड़ को देखते हुए मंदिर पर सुरक्षा व्यवस्था भी की गई है। दोपहर तक शिवालयों में भक्तों की भीड़ देखी गई। इस दौरान बम भोले के जयकारों से माहौल शिवमय हो गया। भक्त महादेव के भक्ति में डूबे हुए थे।

### शिव तांडव की प्रस्तुति के बाद निकाली झांकी



**नूरपुर पिनौनी।** नूरपुर पिनौनी में महाशिवरात्रि पर्व पर प्राचीन शिव मंदिर पर हरिद्वार व राजघाट से शिव मंदिर पर डाक कांवड़ लाकर जलाभिषेक किया गया। शिव मंदिर के कपाट सुबह 4 बजे खोल दिए गए। श्रद्धालुओं ने सुबह से ही आना शुरू कर दिया। कस्बे में झांकियां निकाली गईं। शिव तांडव राधा कृष्ण, डांस के साथ प्रारंभ हुआ। मेन बाजार में विशाल भंडारा भी हुआ। जयशंकर क्लब के अध्यक्ष विपिन दीक्षित के सभी साथियों एवं ग्राम वासियों ने सहयोग दिया। थाना अध्यक्ष हरेंद्र सिंह समस्त स्टाफ के साथ मौजूद रहे।

### श्रद्धा के साथ मनाया पर्व

**कादरचौक।** कस्बा में महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिरों में श्रद्धा और उत्साह के साथ जलाभिषेक किया गया। जगह जगह भंडारे आयोजित किए गए। शिवमंदिरों पर लोगों की भीड़ लगी रही। श्रद्धालु सुबह चार बजे से शिव मंदिरों पर पहुंच गए। जहां सुरक्षा की भी व्यवस्था की गयी थी।

### कई शिवालयों में किए दर्शन

**दातागंज।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के शिव भक्तों ने शिवालयों में जलाभिषेक किया। भक्तों ने हर हर महादेव का जयघोष किया जिससे वातावरण शिवमय हो उठा। मोहल्ला बुधबाजार, बनखंडी नाथ, आर्य समाज के मंदिर, इतवार की बाजार, मोहल्ला सड़क, अस्तल मंदिर, कांसपुर रोड स्थिति मंदिर, दुर्गा देवी मंदिर, मोहल्ला परा स्थिति शिवालय पर शिव भक्तो ने जलाभिषेक किया। मुख्य मंदिर में लबी कतार लगी रही। पापड़ में प्रसिद्ध बाबा ब्रहम देव स्थान पर जलाभिषेक के लिए भारी भीड़ उमड़ी रही।

### मंदिरों में पूजन-अर्चन को उमड़े भक्त

**बिल्सी।** नगर और क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर शिव के भक्तों ने उपवास रखकर ईश्वर की उपासना की। साथ ही सैकड़ों भक्तों ने भागीरथी घाट कछला से गंगाजल लेकर शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया। दोपहर तक नगर के नीलकंठेश्वर महाराज, हनुमानगढ़ी, शिव शक्ति भवन मंदिर, कुटी मंदिर, नव दुर्गा मंदिर के अलावा नगर के अधिकांश मंदिरों में शिव भक्तों की लंबी लाइनें लगी रही। इधर तहसील क्षेत्र के गांव शरह बरोलिया, सिमर्रा भोजपुर, सिरासौल जसा पट्टी, रिसौली, खितौरा, नरैनी, दिधौनी, रियोनाई दलाई स्थित शिव पर भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया। जहां भक्तों को जलाभिषेक करने के लिए काफी देर कर लाइन में लगकर इंतजार करना पड़ा। इधर, क्षेत्र के गांव नगला डल्लू, निजामपुर, सिमर्रा भोजपुर, समेत कई गांवों में मेले लगे।


## सार-संक्षेप

### पांच बीघा जमीन पर कराया मंदिर का निर्माण



**दातागंज।** बरेली रोड स्थित गांव भटौली में एक शिक्षक द्वारा अपनी निजी पांच बीघा जमीन में भव्य श्री भगवत धाम का निर्माण कराकर महाशिवरात्रि पर्व पर पांच पीठ की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराकर जनता को समर्पित कर दिया गया। अविवाहित श्रीकृष्ण गुप्ता द्वारा निर्माण कराई गई मंदिर में पांच पीठ राम दरबार, शंकर पार्वती, माता रानी, राधा कृष्ण एवं हनुमान की मूर्ति की स्थापना कराई गई है। यज्ञशाला में यजमान श्री कृष्ण गुप्ता, भाई सुनील कुमार गुप्ता, भावी सुनीता गुप्ता, राजन गुप्ता उनकी पत्नी ममता गुप्ता ने हवन किया। मंदिर में शिक्षक श्रीकृण गुप्ता ने अपने माता पिता की भी प्रतिमा लगवाई है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, डा. प्रेमचंद गुप्ता, डा. श्रीनिवास, रमाकांत अग्निहोत्री, धर्मेन्द्र सिंह, बादशाह गुप्ता आदि रहे।

### निबंध स्पर्धा में प्रियंका साहू रहीं प्रथम



**बदायूं।** गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रियंका साहू प्रथम स्थान पर रहीं। कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर सरला देवी चक्रवर्ती व प्राचार्या डॉ गार्गी बुलबुल ने कहा कि देश में जब तक कन्या भ्रूण हत्या, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा जैसी कुरीतियों पर रोक नहीं लगती तब तक महिला सशक्तिकरण का दावा अधूरा है। कहा कि नारी गुणों की खान है। वह पति के लिए चरित्र, संतान के लिए ममता, समाज के लिए गौरव और विश्व के लिए करुणा संजोने वाली महाकृति है। प्रतियोगिता में प्रियंका साहू प्रथम, द्वितीय स्थान पर अनुष्का वर्मा एवं तृतीय स्थान पर अपूर्वा व अनामिका रहीं। अनुराधा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच भक्तों ने की पूजा-अर्चना

संवाददाता, उघैती

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि पर मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना उठानी पड़े, इसके लिए मंदिरों में खास तैयारियां की गईं। क्षेत्र के गांव सराह बरौलिया में सिद्ध बाबा मंदिर पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर लगने वाले मेले की तैयारियां कई दिन पहले से की गयीं। शुक्रवार को शिव मंदिर पर जलाभिषेक को लेकर पुलिस तैनात की गई। मेले में मीना बाजार, मिठाइयों की दुकान, खिलौनों की दुकान, बड़ा चरक, काला जादू, मौत का कुआं आदि मेले की शोभा बढ़ा रहे हैं। बम भोले के जयकारों से कस्बा गूंज उठा। शिव भक्तों की टोली के आगे बैंड बाजे के साथ काली अखाड़े ने कस्बा वासियों का मन मोह लिया। श्रद्धालुओं ने बाबा का जलाभिषेक किया।

**बैंड बाजों के साथ निकली भोलेनाथ की बरात : बिल्सी :** श्री महाकाल सेवा समिति के तत्वावधान में महाशिवरात्रि पर्व पर भोलेनाथ की बरात बड़े धूमधाम से निकाली गई। बारात में भगवान महाकाल की दूल्हे के रूप में झांकी सहित अनेक स्वचालित झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान नगर का पूरा वातावरण शिवमय हो गया। भोलेनाथ की बरात अंबियापुर स्थित सम्राट अशोक चौक से प्रारंभ हुई जिसका क्षेत्रीय विधायक हरीश शाक्य ने फीता काटकर आरंभ किया, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए शिव शक्ति भवन मंदिर पर संपन्न हुई। बरात में श्री महाकालेश्वर सेवा समिति द्वारा तैयार की गई बाबा की पालकी विशेष छठा बिखेर रही थी। समिति के पदाधिकारी रजनीश शर्मा कुलदीप वार्ष्णेय, कैलाश परमानंद वार्ष्णेय पंकज वाष्र्णेय सहित दर्जनों कार्यकर्ता बरात में साथ नजर आए। इस दौरान सिद्ध पीठ बालाजी धाम के महंत मटरु मल शर्मा, राजा बाबू वार्ष्णेय, ओम बाबू वार्ष्णेय इंजीनियर आदि रहे। बरात में नवागत थाना प्रभारी केके मिश्रा अपनी पूरी टीम के साथ मुस्तैद रहे।


जलाभिषेक करने को लाइन में लगे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### हरिद्वार से गंगाजल लाकर शिव का किया अभिषेक



**इस्लामनगर।** कस्बा व ग्रामीण क्षेत्रों में शिव भक्तों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने मंदिरों पर अनुष्ठान भी कराए। बिसौली रोड स्थित प्राचीन बनखंडी महादेव मंदिर में शिवालय पर स्थित शिवलिंग पर कांवड़ियों व श्रद्धालुओं ने हरिद्वार, राजघाट से गंगाजल लाकर जलाभिषेक किया। कोई घुटनों के बल तो कोई लेटकर शिवालय तक पहुंचा। प्रमुख शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें दिखाई पड़ीं। सुबह से लेकर दोपहर बाद तक मंदिरों का माहौल बम-बम भोले के जयघोषों के बीच शिवमय दिखाई पड़ा। जलाभिषेक के दौरान हर-हर महादेव, बम-बम भोले के उद्घोष से वातावरण शिवमय हो गया। मंदिरों पर जुटी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जहां मंदिर कमेटियों के लोग सक्रिय रहे। बनखंडी मंदिर समेत कस्बे में पाताली मंदिर, बाजार स्थित सार्वजनिक शिव मंदिर, चन्दौसी रोड सहित कस्बे के सभी मंदिरों के अलावा चंदोई सहित क्षेत्र के गांवों में मंदिरों में पूजा-अर्चना, जलाभिषेक कर धूमधाम के साथ शिव तेरस पर्व मनाया गया।

### भोले के भक्तों का किया तिलक, खिलाया भोजन



**बदायूं।** शहर के मीरा जी चौकी स्थित हनुमान मंदिर पर विश्व हिन्दू परिषद ने भोले के भक्तों का तिलक लगा कर सम्मान किया। उन्हें भोजन कराया। विहिप के पदाधिकारियों ने महाशिवरात्रि पर्व पर जगह जगह प्रसाद वितरण किया। नगर के मीरा जी की चौकी स्थित हनुमान मंदिर पर गुरुवार की शाम से ही सफाई स्वच्छता अभियान चलाया गया। मंदिर की भव्य सजावट की गयी। शुक्रवार की सुबह 6 बजे से यहां पर शिव भक्तों का आना शुरू हो गया। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज सोनी ने यहां पर शिव भक्तों को प्रसाद की व्यवस्था की। उन्हें तिलक लगा कर सम्मानित किया। जिला सेवा प्रमुख नीरज कोचर जिला संगठन मंत्री वेद प्रकाश, राजेश बाबू, नगर मंत्री राजेश शुक्ला भी रहे। इस मौके पर पथिक चौक, कल्यान नगर के शिव मंदिर पर प्रसाद वितरण किया गया। रजी चौक स्थित शिव मंदिर पर सुबह चार बजे से शिव भक्तों ने जलाभिषेक करना जारी रखा। यहां पर भोले के भक्तों की संख्या अधिक होने के कारण यातायात भी बाधित हुआ।

### शिवभक्तों को जलभराव से हुई परेशानी



**ओरछी।** विकासखंड आसफपुर क्षेत्र के गांव खेड़ा दास में शुक्रवार के दिन महाशिवरात्रि पर शिव भक्तों को कीचड़ से होकर निकलना पड़ा। टूटी सड़क पर जलभराव के कारण शिव भक्तों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। खेड़ा दास गांव में महाशिवरात्रि के पर्व पर मेला लगाता है। मेले में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इन दिनों गांव की सड़क टूटी पड़ी है जिस पर काफी समय से जलभराव है। जलभराव के कारण गांव के लोगों को परेशानी होती है। शुक्रवार का गांव में मेला आयोजित किया गया। गंदे पानी के किनारे दोनों तरफ खेल-खिलौने, चाट, पकौड़ी, जलेबी की दुकान लगी रही। भोलेनाथ के मंदिर तक आने जाने वालों को काफी दिक्कत हुई लेकिन जिम्मेदार नजरअंदाज करते रहे। इस कारण गंदे पानी को साफ नहीं कराया जा सका।

## एक नजर

### विषाक्त पदार्थ खाकर युवक ने दी जान

**बदायूं।** कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला वेदो टोला में मुंडी मस्जिद के पास रहने वाले शकील की शादी मोहल्ला हकीमबाड़ा निवासी युवती साथ लगभग 10 साल पहले हुई थी। उनके दो बच्चे हैं। शकील की मां का आरोप है कि शकील तो पत्नी को प्यार करता है लेकिन उसकी पत्नी प्यार नहीं करती। वह किसी और के साथ घर से जा चुकी है। आरोप लगाया कि ससुरालीजन भी शकील की पत्नी का साथ देते थे जिससे परेशान शकील ने पांच को विषाख्त पदार्थ खा लिया। अस्पताल में इलाज के दौरान शकील की मौत हो गई।

### जलाभिषेक के दौरान मंदिर में काट ली चेन

**बदायूं।** महर्षि विद्या मंदिर के प्रवक्ता रवींद्र सिंह की पत्नी शारदा सिंह महाशिवरात्रि के अवसर पर गौरी शंकर मंदिर में जलाभिषेक करने गई थीं। जलाभिषेक करने के दौरान तीन महिलाओं ने उनके गले में पड़ी सोने की चेन काट ली। इसी दौरान मंदिर के सफाईकर्मी तेजी से आए और श्रद्धालुओं से कहा कि जल्दी हटो सफाई करनी है। वह शिवलिंग पर पड़े बेल पत्रों को समेटकर ले गए। उन्होंने अपने पति को फोन करके सूचना दी। मंदिर पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है।

# एसपी-डीसीपी बनकर ठगने वाला गिरफ्तार

## सराफा व्यापारी से 28 फरवरी को हुई थी 26,700 की ठगी, एसओजी-उझानी पुलिस ने जबलपुर से दबोचा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बहाने से या धमकाकर व्यापारियों से लेता था रुपये, मना करने पर फोन कर भेज देता था पुलिस

**अमृत विचार :** उझानी के सराफा व्यापारी से हुई 26 हजार 700 रुपये की साइबर ठगी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मध्य प्रदेश के युवक ने व्यापारी के साथ ठगी की थी। वह लड़की की आवाज निकालकर व्यापारियों से ठगी करता है। व्यापारियों के रुपये न देने पर वह खुद को अधिकारी बताकर स्थानीय पुलिस को व्यापारी के पास भिजवाता था। फिलहाल आरोपी पर कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेजा गया है। वह चोरी के मामले में पहले भी जेल जा चुका है।

उझानी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला श्री नारायणगंज निवासी आलोक अग्रवाल सराफ व्यापारी हैं। 28 फरवरी को उनके पास किसी महिला ने फोन किया। खुद को मध्यप्रदेश के जिला जबलपुर की एसीपी आराध्या चौहान बताया। कहा कि उसने व्यापारी की दुकान पर चोरी का माल बेचने वाली एक महिला रूपा कोरी को पकड़ा है। इसके एवज में रुपये मांगे। अपना क्यूआर कोड भेजा। व्यापारी ने उसके नंबर पर रुपये डाल दिए। व्यापारी ने कस्बा चौकी के इंचार्ज पर मिलीभगत का आरोप लगाया। अगले दिन व्यापारियों ने दुकानें बंद रखकर प्रदर्शन किया। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी के निर्देश पर रुपये होल्ड करा दी गई। खुलासे के लिए तीन टीमें बनाईं। एसओजी और उझानी पुलिस ने व्यापारी को फोन करने वाले नंबर को सर्विलांस पर लगाया। एसओजी मोबाइल की लोकेशन और आईडी के आधार पर जबलपुर पहुंची। जहां से जिला जबलपुर के थाना पाटन क्षेत्र के वार्ड 10 निवासी संकेत यादव पुत्र उमाशंकर यादव बताया गया। उसके पास से दो मोबाइल, 800 रुपये बरामद हुए। शुक्रवार को एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव ने खुलासा किया। कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेजा।



पुलिस की गिरफ्तार में सराफा व्यापारी से ठगी करने का आरोपी। पूछताछ करते एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव।

### व्यापारियों को डराकर करता है उगाही वर्ना भेज देता है स्थानीय पुलिस

आरोप की उम्र लगभग 18 साल है लेकिन वह बहुत शातिर है। सोशल साइट्स पर किसी भी जिले के कस्बों के सराफा व्यापारियों की डिटेल निकालकर उन्हें फोन करता है। लड़कियों की आवाज निकाल उन्हें झांसे में लेकर रुपये ले लेता है। लड़की आवाज सुनकर व्यापारी उसपर भरोसा कर लेते हैं। अगर कोई व्यापारी भरोसा नहीं करता है तो वह स्थानीय पुलिस को फोन करता है। खुद को कहीं का अधिकारी बताकर व्यापारी के बारे में झूठी सूचना देता है। पुलिस व्यापारी के पास पहुंचकर दबाव बनाती है। उझानी मामले में भी यही हुआ था। आरोपी संकेत यादव ने पुलिस को फोन करके उसके पास भेजा था। जिसके चलते व्यापारी ने चौकी इंचार्ज पर आरोप लगाया।

### व्यापारी को फंसाकर एक जगह नहीं रुकता

आरोपी संकेत यादव ने अपने आधार कार्ड पर साल 2021 में सिम खरीदा था। अपने मोबाइल नंबर से ही लोगों को फोन करके ठगी करता है। अब तक एसीपी और डीसीपी बनकर 20 लोगों के साथ ठगी कर चुका है। एक ठगी करने के बाद वह मोबाइल तो बदलता है लेकिन मोबाइल नंबर नहीं बदलता। साथ ही व्यापारी को फंसाकर अपना स्थान बदल लेता है। लगभग छह साल पहले वह चोरी के मामले में जेल गया था। उसकी मां ने जमानत कराई थी। जिसके बाद से वह घर नहीं गया।

### खुलासा करने वाली टीम में यह रहे शामिल

ठगी का खुलासा करने वाली टीम में उझानी के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज कुमार, बलवीर सिंह, सिपाही अनुपम कुमार, बलराम सिंह, मुकुल कुमार, यतेंद्र, मममता, निशा और एसओजी से उपनिरीक्षक धर्वेंद्र सिंह, संजय सिंह, सचिन झा, विपिन कुमार, सचिन कुमार, अरविंद कुमार, मुकेश कुमार, शराफत हुसैन, भूपेंद्र कुमार, आजाद कुमार, कुशकांत रहे।

# हाईटेंशन लाइन से झुलसी छात्रा की मौत, जेई-लाइनमैन पर रिपोर्ट

संवाददाता, विजय नगला

- 22 फरवरी को चारा लेकर आते समय खेत पर हुआ था हादसा, झुलस गई थी छात्रा

**अमृत विचार :** पशुओं के लिए खेत से चारा लेने गई छात्रा की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। परिजनों ने विद्युत विभाग के जेई और लाइनमैन के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

बिनावर थाना क्षेत्र के गांव बुधूपुरा निवासी वेदपाल की 15 साल की बेटी पूजा कक्षा आठवीं की छात्रा थी। 22 फरवरी शाम लगभग पांच बजे पूजा पशुओं के लिए चारा लेने खेत पर गई थी। चारा काटने के कुछ समय के बाद वह वापस घर लौट रही थी। खेत के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। वह झुलस गई। आसपास खेतों पर काम कर रहे किसानों ने घटना देखी तो दौड़कर मौके पर पहुंचे। पूजा के परिजनों को सूचना दी। चीत्कार करते परिजन खेत पर पहुंचे। पूजा को जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई। चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया। परिजन उसे सैफई के राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। हालत में सुधार न होने पर परिजन बरेली के अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन शुक्रवार सुबह लगभग 5 बजे पूजा ने रास्ते में दम तोड़ दिया। छात्रा के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि विद्युत विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही की वजह से उनकी बेटी की मौत हुई है।

### आए दिन होते हैं हादसे

छात्रा के पिता ने कहा कि बिजली के तार नीचे होने की वजह से आए दिन हादसे होते रहते हैं। शिकायत करने के बाद भी किसी अधिकारी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। एक साल पहले भी गांव निवासी नंदलाल भी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए थे। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर अवर अभियंता सतीश चंद्र और लाइनमैन राजू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच की जा रही है।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की गई जान

संवाददाता, उझानी

- गुरुवार को कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव बुटला के पास हुआ हादसा, पति घायल
- शादी समारोह में शामिल होने के बाद बिनावर क्षेत्र के गांव गौटिया से लौट रहे थे दोनों

**अमृत विचार :** शादी समारोह में दावत खाने आई महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। जहां महिला की मौत हो गई थी। उसके शव का पोस्टमार्टम कराया है। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जिला कासगंज के थाना अमांपुर क्षेत्र के गांव बुड़थरा निवासी सुरेश अपनी पत्नी रुबी (35) के साथ बाइक से गुरुवार को अपनी रिश्तेदार में हुए शादी समारोह में शामिल होने के लिए थाना बिनावर क्षेत्र के गांव गौटिया आए थे। दावत खाने के बाद वह देर शाम वापस कासगंज लौटकर जा रहे थे। बदायूं-मथुरा राजमार्ग पर कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव बुटला के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार दंपती सड़क पर जा गिरे और बेसुध हो गए। तभी आसपास के ग्रामीण एकत्रित हो गए, जिन्होंने पुलिस को सूचना देकर सुरेश की जेब चेक की। इसमें मोबाइल फोन मिला। पुलिस ने उनके फोन से परिजनों को फोन करके सूचना देकर बुलाया। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने रूबी को मृत घोषित कर दिया। जबकि सुरेश का इलाज शुरू किया। शुक्रवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# खतौनियों में गड़बड़ी में नहीं हो रहा सुधार

**बदायूं, अमृत विचार:** नई खतौनी ने किसानों के सामने मुसीबत खड़ी कर दी है। इस कारण उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। राजस्व विभाग की ओर से तैयार फसली वर्ष 1431 की नई रियल टाइम खतौनी में गड़बड़ियों की भरमार है।

कई किसानों के गाटे में कुल रकबे में किसी का अंश बढ़ा दिया है तो किसी का घटा दिया है। नामों को लेकर भी गड़बड़ियां है। यह समस्या पिछले तीन माह से बनी हुई है जिसका समाधान अब तक नहीं हो सका है। किसान तहसील और कलेक्ट्रेट के चक्कर लगा रहे हैं। वहीं, अधिकारी शासन के निर्देशों का इंतजार कर रहे हैं। एडीएम वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा ने बताया कि नई रियल टाइम खतौनी में कुछ गड़बड़ियां हुई हैं। इस समस्या से शासन को अवगत करा दिया है। निर्देश आने के बाद समाधान किया जाएगा।

# पूर्व प्रधान के बेटे की मौत पर गांव में पसरा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दोपहर चार बजे बेटे की मौत की सूचना पर कानपुर रवाना हुए परिजन, गांव में सन्नाटा

**अमृत विचार :** कानपुर के हॉस्टल में रहकर नीट की तैयारी कर रहे पूर्व प्रधान के बेटे ने फंदा लगाकर जान दे दी।



मृतक नवनीत शाक्य।

थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव रूपपुरा निवासी लालता प्रसाद खेतीबाड़ी करते हैं। साथ ही वह राजनीति में भी सक्रिय हैं। उनकी पत्नी अनार कली गांव की प्रधान रह चुकी हैं। लालता प्रसाद ने तकरीबन दो साल पहले बेटी की शादी कर दी। बड़ा बेटा निर्दोष प्रयागराज में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहा है जबकि छोटा बेटा नवनीत शाक्य (19) कानपुर में कोचिंग में नीट की तैयारी कर रहा था। कानपुर के थाना काकादेव क्षेत्र के हॉस्टल में रहता था। नवनीत पढ़ने में होशियार था और मिलनसार था। वह रोज अपने परिजनों को फोन करके वहां की गतिविधि बताता था। शुक्रवार दोपहर उसने अपने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। साथ ही एक सुसाइड नोट छोड़ा जिसमें लिखा था कि वह ऑनलाइन सट्टे में 500 रुपये हार गया है। उस पर दोस्तों का नौ हजार रुपये कर्ज हो गया है। दोस्तों ने कर्ज चुका दिया है लेकिन वह बहुत परेशान है। लिखा कि मम्मी-पापा मुझे माफ कर देना। मैं एमबीबीएस नहीं कर पाया। उसके दोस्तों का पैसा वापस कर देना। पुलिस ने लालता प्रसाद को फोन कर बताया तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। उन्होंने पत्नी को बताया तो वह चीत्कार करने लगीं। इसके बाद परिजन घर पर ताला डालकर कानपुर रवाना हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि नवनीत को कभी सट्टे की लत नहीं थी। पता नहीं कानपुर जाकर कैसे इन चीजों में फंस गया।

# डीएम ने मांगी एंबुलेंस जलने की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



जिला अस्पताल में जली खड़ी निष्प्रयोज्य एम्बुलेंस।

- जांच कराने के बाद अस्पताल प्रशासन के जिम्मेदारों पर होगी कार्रवाई
- कंडम एम्बुलेंस की नहीं हुई नीलामी, लाखों के नुकसान बाद जागा प्रशासन

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में आग लगने की घटना को जिलाधिकारी मनोज कुमार ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने जिला अस्पताल प्रशासन से जली हुई एम्बुलेंस का पूरा हिसाब मांगा है और आग लगने के कारणों की जानकारी करने को कहा है।

जिला अस्पताल में निष्प्रयोज्य एम्बुलेंस को खड़ा कर दिया है। 6 एम्बुलेंस कई सालों से यहां पर नीम के पेड़ के पास खड़ी कर दी गयीं। 6 मार्च की शाम को किसी तरह यहां पर आग लग गयी जिससे एम्बुलेंस को भी आग की लपटों ने अपने आगोश में ले लिया। आग लगने से सभी एम्बुलेंस जल गयीं। इस मामले में अब जिला अस्पताल प्रशासन कुछ भी कहने से बच रहा है। जिलाधिकारी मनोज कुमार ने जिला अस्पताल में आग लगने की घटना को गंभीरता से लिया है। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि आग लगने की जांच कराई जाए। एम्बुलेंस कब से यहां पर खड़ी थीं। उनकी नीलामी क्यों नहीं कराई गयी। इन बिंदुओं पर अब जांच की जाए जिससे दोषी लोगों का पता लगाया जा सके। जिलाधिकारी की हिदायत के बाद अस्पताल प्रशासन ने आग लगने के कारणों पर मंथन शुरू कर दिया है। कौन कौन उस दिन इधर गया था। नशा मुक्ति केंद्र बंद होने के बाद यहां पर कौन आया था। आग कैसे लगी इसकी पूरी जानकारी की जाएगी। निष्प्रयोज्य एम्बुलेंस को यहां पर किसके आदेश से लाकर खड़ा किया गया, और इतने समय तक इनकी नीलामी प्रक्रिया क्यों शुरू नहीं की गयी। इसके लिए कौन जिम्मेदार है।

### एडी हेल्थ के संज्ञान में आया मामला

आग लगने का मामला एडी हेल्थ के संज्ञान में भी आया है। उन्होंने भी हैरानी जताई है कि आखिर निष्प्रयोज्य एम्बुलेंस की नीलामी क्यों नहीं की गयी। किसके आदेश पर यहां पर खड़ी की गयी। उन्होंने जिला अस्पताल के सीएमएस से जानकारी मांगी है।

> जिलाधिकारी के आदेश के बाद आग लगने के कारणों को तलाशा जाएगा। इसके लिए कर्मचारियों को लगाया जाएगा। निष्प्रयोज्य एम्बुलेंस कब से यहां पर खड़ी हैं। किसने खड़ी करने के आदेश दिए। इस मामले में सीएमओ कार्यालय से भी बात की जाएगी जिससे पूरी पूरी जानकारी मिल सके। – डा. कप्तान सिंह – सीएमएस।

# दो साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

संवाददाता, विजय नगला/बिनावर

- थाना बिनावर क्षेत्र में घटना के बाद हो गया फरार
- तड़के पुलिस ने रोका तो आरोपी ने कर दी फायरिंग

**अमृत विचार :** एक युवक ने दो साल की मासूम के साथ दरिंदगी की। पॉपकॉर्न दिलाने के बहाने से खेत में ले गया। उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और भाग गया। गुरुवार आधी रात पुलिस ने मुठभेड़ में उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना बिनावर क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने गुरुवार रात पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शाम के समय वह खेत पर गए थे। उनकी दो साल की बेटी घर के बाहर खेल रही थी। गांव निवासी संजय पॉपकॉर्न दिलाने के बहाने खेत ले जाकर उसके साथ गलत काम किया। गांव के पास एक खेत में बच्ची बेसुध हालत में मिली। उसे जिला अस्पताल लाकर इलाज कराया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस रात लगभग पौने तीन बजे बिनावर के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पुलिस बल के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें आरोपी के गांव पलिया झंडा के पास जंगल में होने की सूचना मिली। प्रभारी निरीक्षक वहां पहुंचे। तभी मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली आरोपी के पैर में लगी। वह घायल हो गया। उसके पास से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जानलेवा हमला की धारा बढ़ाई है। जिला अस्पताल में इलाज कराकर आरोपी को जेल भेजा गया है।



मुठभेड़ में गोली लगने के बाद जमीन पर पड़ा दुष्कर्म का आरोपी।

> बिनावर क्षेत्र के एक गांव में दो साल की बच्ची के साथ युवक ने दुष्कर्म किया। मुठभेड़ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पैर में गोली लगी है। इलाज कराकर उसे जेल भेजा गया है। – आलोक प्रियदर्शी, एसएसपी।

# पड़ोसी को बचाने को गंगा में डूबा युवक

**उसहैत, अमृत विचार :** थाना अलापुर क्षेत्र के गांव म्यारी निवासी गिरीश (25) पुत्र रामपाल गांव में अपने पड़ोसी नन्हें ठाकुर और अन्य 20 लोगों के साथ गंगा स्नान करने के लिए अटैना गंगा घाट पर पिकअप से आए थे।

गंगा स्नान करके कुछ देर के बाद गिरीश गंगा से बाहर आ गए थे। नन्हें ठाकुर स्नान करने के लिए गंगा में घुसे तो उनका पैर फिसल गया। वह गंगा की तेज धार में बहने लगे। उन्हें बचाने के लिए गिरीश गंगा में कूद गए। नन्हें ठाकुर को तो बचा लिया लेकिन वह खुद गहरे कुंड में डूब गए। सूचना मिलने पर उसहैत के थाना प्रभारी राजेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। गोताखोरों से गंगा में गिरीश की तलाश कराई लेकिन कहीं पता नहीं चल सका।

# 40 से ऊपर आयु का हर 10वां व्यक्ति मोतियाबिंद से पीड़ित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



मरीजों को दवा लिखते नेत्र चिकित्सक डॉ. पीयूष मोहन अग्रवाल।

- हर दिन हो रहे 40 से 50 ऑपरेशन, डॉक्टर भी हो रहे हैरान
- 40 साल से ऊपर की आयु वालों को आंखों में होती है समस्या

**अमृत विचार :** आंखों की पर्याप्त देखभाल व पौष्टिक भोजन न मिलने के कारण लोगों में मोतियाबिंद की समस्या बढ़ती जा रही है। चिकित्सकों के अनुसार 40 की आयु पार करने वाला हर दसवां व्यक्ति मोतियाबिंद की समस्या से जूझ रहा है। मोबाइल का बढ़ता चलन भी युवाओं की आंखों की रोशनी कम करने का एक बहुत बड़ा कारण है।

जिला अस्पताल स्थित नेत्र चिकित्सालय में डेढ़ दशक पूर्व तक बुजुर्ग लोगों को आंखों की समस्या अधिक होती थी। उनकी आंखों में मोतियाबिंद होता था। नेत्र चिकित्सक मोतियाबिंद का ऑपरेशन करते थे जिससे लोगों की रोशनी कुछ बढ़ जाती थी। अब जैसे जैसे समय बदलता गया। आंखों की देखभाल में कमी आयी तो युवाओं को भी आंखों में कम रोशनी की समस्या होने लगी। आंखों के मरीजों की संख्या अब हर दिन बढ़ती जा रही है।

नेत्र चिकित्सकों का कहना है कि लोग आंखों की देखभाल के प्रति लापरवाह होते जा रहे हैं। आंखों को समय पर साफ नहीं किया जाता है। आंखों में आज काजल कोई नहीं लगाता है। हरी सब्जियां कम खाई जाती हैं। हरी सब्जियां खाने से आंखों की रोशनी वर्षों तक ठीक रहती है। आज मोबाइल युग है। हर युवा दिन में तीन से पांच घंटा मोबाइल चलाता है। मोबाइल से आंख की रोशनी पर विपरीत असर पड़ता है।

### 18-30 आयु वर्ग में 15 प्रतिशत शिकायत

चिकित्सकों ने बताया कि एक सर्वे में पता चला है कि एक महीने तक लगातार मोबाइल देखने से नजर कमजोर होती है। जो लोग मोबाइल नहीं चलाते हैं या बहुत कम चलाते हैं उनकी नजर साफ और तेज बनी रहती है। 18 से 30 साल तक की आयु वाले बच्चों में नजर कम होने की शिकायतें 15 प्रतिशत बढ़ी हैं। जबकि 12 से 18 साल के किशोरों में 5 प्रतिशत किशोरों की नजर कम होने के मामले सामने आए हैं।

### युवतियों में समस्या कम

नेत्र चिकित्सकों के अनुसार आंखों की समस्या युवतियों में कम देखने को मिल रही है। उम्रदराज महिलाओं की नजर कम होने की बात आम है। मगर किशोरियों और युवतियों में इस तरह की समस्या कम देखने को मिलती है। अधिकांश महिलाएं 60 साल से अधिक की आयु वाली ही नजर कम होने की शिकायत करती हैं जबकि कुछ मोतियाबिंद की शिकार भी होती हैं।

> पिछले पांच दिन में मोतियाबिंद के करीब 197 लोगों के ऑपरेशन किए गए हैं। हर दिन लगभग 40 मरीजों के ऑपरेशन किए जाते हैं। अब गर्मियों के मौसम में कुछ कम ऑपरेशन किए जाएंगे। – डा. पीयूष मोहन अग्रवाल – नेत्र चिकित्सक।

# आलू खरीदने को भिड़ गए दो व्यापारी, लूट का लगाया आरोप

संवाददाता, विजय नगला

- गांव औरंगाबाद माफी निवासी आलू व्यापारी ने गांव ददमई निवासी व्यापारी पर लगाया आरोप

**अमृत विचार :** एक व्यापारी ने किसान के आलू खरीदे। इसी दौरान दूसरा आलू व्यापारी ज्यादा कीमत में आलू खरीदने को तैयार हो गया। दोनों में कहासुनी हुई। उन्होंने अपने-अपने गांवों से ग्रामीणों को लाठी-डंडे लेकर बुला लिया। दोनों पक्ष में मारपीट हुई। एक व्यापारी ने दूसरे पर उसके रुपये भरा बैग लूटने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

बिनावर थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद माफी निवासी बाबू आलू व्यापारी हैं। गांवों में किसानों के पास जाकर आलू खरीदते हैं। व्यापारी ने बताया कि गुरुवार दोपहर उन्होंने गांव भिंदुलिया निवासी किसान से आलू खरीदे थे। यहां गांव ददमई निवासी आलू व्यापारी पहुंचा। उसने आलू के ज्यादा दाम देने की बात कही। किसान उसे आलू बेचने की बात करने लगा। दोनों व्यापारियों में कहासुनी हो गई। दोनों अपने-अपने गांवों के लोगों को फोन कर दिया। ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर आ गए। मारपीट शुरू हो गई। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। आरोप है कि दूसरी ओर आलू व्यापारी ने बाबू के हाथ में टंगा रुपये भरा बैग लूट लिया और भाग गया। व्यापारी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। रुपये छीनने की बात गलत है। मामले की जांच हो रही है।

# एसएसपी ने बदले पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- व्यवस्थाओं को दुरुस्त बनाने को बदले 33 निरीक्षक, उपनिरीक्षक और सिपाही

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिसकर्मियों के स्थानांतरण की प्रक्रिया चल रही है। उनके कार्यक्षेत्र में बदलाव किया जा रहा है। एसएसपी ने 33 निरीक्षक, उपनिरीक्षक और सिपाहियों के कार्य क्षेत्र बदले हैं। सम्मन सेल के प्रभारी राजकुमार सिंह को अपराध शाखा और अपराध शाखा के निरीक्षक राहुल कुमार को उझानी का निरीक्षक अपराध बनाया गया है। मानवाधिकारी प्रकोष्ठ के विनोद पाल को अपराध शाखा, महिला थाने की सिमरजीत कौर को इस्लामनगर का निरीक्षक अपराध, इस्लामनगर के निरीक्षक अपराध गुड्डू सिंह को बिनावर का अपराध निरीक्षक बनाया है। उसहैत की पुलिस चौकी कटरा सहादतगंज निवासी योगराज सिंह वजीरगंज कस्बा के चौकी प्रभारी। वहीं वजीरगंज के चौकी प्रभारी सुनील कुमार को सहसवान भेजा है। पुलिस लाइन के मनोज कुमार को कटरा सहादतगंज का चौकी प्रभारी, सरकारी गंज पुलिस चौकी के प्रभारी विश्वबंधु ढाका को वजीरगंज में तैनात किया गया है। इसके अलावा अन्य कई पुलिसकर्मियों को इधर-उधर किया है।

### पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, संदिग्धों से की गई पूछताछ



**सहसवान।** आगामी त्योहारों व लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन सख्त हो गया है। अप्रिय घटनाओं तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाने एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने को कस्बे में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। शुक्रवार को नगर में फ्लैग मार्च के दौरान संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक द्वारा नगर में रूट मार्च निकाला गया। पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। वाहनों की चेकिंग की। तेज गति से वाहन दौड़ा रहे युवकों को फटकार लगायी। दुकानदारों से कहा गया कि यदि कोई संदिग्ध नजर आए तो सूचना दें। किसी तरह की अफवाह में न आएं। एक दूसरे के साथ मिल कर रहें। क्षेत्र में अनावश्यक घूम रहे व्यक्तियों से पूछताछ व बेवजह घूमने का कारण पूछकर सख्त कार्रवाई की हिदायत देकर छोड़ दिया गया।

# महिला कांवड़ियों से छेड़छाड़ विरोध करने पर हुई मारपीट



मारपीट के बाद मौके पर जमा भीड़ और पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व पर फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया निवासी कुछ लोग कांवड़ लेने के लिए राजघाट गए थे। अगले दिन कांवड़ लेकर वापस अपने गांव लौटकर जा रहे थे। साथ में महिला कांवड़िया थीं। आरोप है कि शुक्रवार सुबह दस थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव मंधपुरी क्षेत्र में कुछ युवकों ने कांवड़ ले जा रहीं महिला कांवड़ियों से छेड़छाड़ की। साथी कांवड़ियों ने विरोध किया। उन युवकों ने लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। कई कांवड़िया घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया।

# शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव, जलाभिषेक को लगी रहीं कतारें

## महाशिवरात्रि पर भोलेनाथ को बेलपत्र, भांग, धतूरा, बेर और पुष्प अर्पित कर श्रद्धालुओं ने मांगी मनौती

### शहर में आज

- ऑपरेशन जागृति के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- जिले के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस पर सुबह 10 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में श्रीवराह भगवान परिक्रमा हरि की पौड़ी से शाम सात बजे से।
- आम आदमी पार्टी की बैठक शहर के अशोक नगर स्थित शिक्षक प्रकोष्ठ कार्यालय पर सुबह 10 बजे से।

### एक नजर

#### वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय के समक्ष किया पेश

**कासगंज।** थाना ढोलना पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह ने बताया कि आरोपी बीरी सिंह निवासी किनावा लंबे समय से न्यायालय से फरार चल रहा था। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

#### जिला बदर गिरफ्तार

**कासगंज।** ढोलना कोतवाली पुलिस ने जिला बदर आरोपी को मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह ने बताया कि आरोपी जिला बदर होने के बावजूद भी जिले की सीमा में घूम रहा था। पुलिस ने सूचना मिलने पर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** शहर में महाशिवरात्रि पर्व शुक्रवार को श्रद्धा, भाव से मनाया गया। शिवालयों में हर-हर महादेव के स्वर गूंजे। भगवान शिव का अभिषेक करने एवं दर्शन के लिए मंदिरों पर श्रद्धालु उमड़े। श्रद्धालुओं ने शिवजी को बेलपत्र, भांग, धतूरा एवं पुष्प अर्पित कर मनौती मांगी। सुबह से लेकर देर शाम मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही।

महाशिवरात्रि पर्व पर शहर के प्राचीन भूतेश्वर मंदिर, मां चामुंडा मंदिर, पीपलेश्वर महाराज मंदिर, शिवालय मंदिर, शीतला माता मंदिर, दुर्गा कालोनी के शिव मंदिर, पथवारी मंदिर, प्रभु पार्क स्थित मनकामेश्वर मंदिर पर भोर के साथ भक्तों का आना शुरू हो गया। गंगा से आए कांवडियों और श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर दूध और गंगाजल से अभिषेक किया। पूजन अभिषेक के लिए मंदिरों मे भक्तों की कतार लगी रही। मंदिरों में हर-हर महादेव की गूंज के साथ भक्तों ने भगवान शिव की आरती उतारी। भक्तों ने उपवास रखा।

**भोले भंग तुम्हारी मैं पीसत-पीसत हारी:** शहर के बड़ी होली खिड़किया मंदिर, बिलराम गेट पथरवारी मंदिर, गली बौहरान स्थित शिव मंदिर, भूतेश्वर मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व शिव-पार्वती विवाह का आयोजन किया गया। महिलाओं ने भजन गाए। भोले भंग तुम्हारी मैं पीसत-पीसत हारी आदि भजनों पर पथवारी मंदिर मे महिलाएं जमकर झूमीं।



आवास विकास कॉलोनी स्थित पारना मठ मंदिर में जलाभिषेक को कतार में लगे श्रद्धालु। ● अमृत विचार



सोरों गेट स्थित पंचमुखी महादेव मंदिर में जलाभिषेक करते शिव भक्त। ● अमृत विचार

#### मंदिरों के बाहर लगीं पूजा सामग्री की दुकानें

महाशिवरात्री पर्व पर शहर के प्रमुख मंदिरों के बाहार भगवान शिव की विशेष पूजा के लिए पूजा सामग्री की दुकानें सजी थी। जिन पर बेलपत्र, भांग, धतूरा, बेर, फूल, बेल, फल आदि की बिक्री हो रही थी। भगवान को अपर्ण करने के लिए श्रद्धालु इन दुकानों पर पहुंचक पूजा सामग्री की खरीददारी कर रहे थे। वहीं मंदिरों के बाहर कच्चे दूध की भी बिक्री जा रही थी।



सोरों में ठंडाई घोटते गंगा भक्ति समिति के पदाधिकारी व तीर्थ पुरोहित।

#### खूब हुई भांग और बेलपत्र की बिक्री

शहर के मंदिरों के बाहर बेलपत्र एवं ठेकों पर भांग की खूब बिक्री हुई। महाशिवरात्रि पर शिवजी को भांग की ठंडाई और बेलपत्र अर्पण करने की परंपरा है। गंगा भक्त समिति ने सोरोंजी के सूर्यकुंड पर स्थित महाकाल मंदिर पर भंग की ठंडाई का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया। शहर में भी कई स्थानों पर प्रसाद की रूप में भांग की ठंडाई का वितरण हुआ।

#### मंदिरों के आसपास रही कड़ी सुरक्षा, एएसपी ने देखी व्यवस्था

शहर के प्राचीन भूतेश्वर और चामुंडा मंदिर समेत जिलेभर के मंदिरों के आसपास कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था की गई थी। मंदिरों पर महिला और पुरुष आरक्षियों की तैनाती की गई थी। आने जाने वालों पर पुलिस पैनी नजर रखे हुई थी। एएसपी राजेश कुमार भारतीय, सीओ सिटी अजीत सिंह चौहान एवं इंस्पेक्टर ने भ्रमण कर मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था को देखते रहे।





बिलराम गेट स्थित भूतेश्वर मंदिर पर पूजा के लिए उमड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## गांव तबालपुर में 10 उपभोक्ता बिजली चोरी करते पकड़े

**कासगंज, अमृत विचार :** विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरी रोकने और बकाए की वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार की शाम सदर कोतवाली के गांव तबालपुर में चेकिंग अभियान चलाया गया। 10 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पकड़ा जिनके विरुद्ध सदर कोतवाली में मामला दर्ज कराया गया है।

नदरई के अवर अभियंता प्रवेश कुमार ने गांव तबालपुर में चेकिंग अभियान चलाया। 10 उपभोक्ताओं को चोरी कर विद्युत का उपयोग करते पकड़ा। अवर अभियंता ने बताया कि इन उपभोक्ताओं के कनेक्शन बकाएदार होने के कारण काट दिए गए थे। इन उपभोक्ताओं ने बकाया भी जमा नहीं किया और संयोजन जोड़कर विद्युत का उपयोग कर रहे थे। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता सुनीता, देवी, उर्मिला देवी, पूजा, चंद्रवती, जयमाला, विद्या देवी, नरेंद्र, रक्षपाल, मौकम सिंह और कुंवरपाल के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अप्रिय कार्यवाही से बचने के लिए विभाग बकाया जमा करें और कटे कनेक्शन को जोड़कर बिजली का प्रयोग न करें। इसमें जुर्माने और सजा का प्रावधान है।



गांव नारायनी के श्यामदेवता मंदिर पर लगे मेले में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु ● अमृत विचार

# देहात क्षेत्र में पूरा दिन जलाभिषेक को जुटे रहे श्रद्धालु, लगाये जयकारे

संवाददाता सोरोंजी/गंजडुंडवारा/अमांपुर

- भोलेनाथ का किया जलाभिषेक, भांग, धतूरा, बेलपत्र अर्पित किए

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व शुक्रवार को देहात और कस्बों में धूमधाम से मनाया गया। हर-हर महादेव से शिवालय गूंजते रहे। भक्तों ने धार्मिक अनुष्ठान किए।

अमांपुर के प्राचीन शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु उमडने लगे। साईं बाबा मंदिर, रामजानकी मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने पूजा की। गंजडुंडवारा के नगला महादेव मंदिर, हनुमान गढ़ी, खेरू स्थित शिवालय, एटा रोड, शिव मंदिर, पंचायती बाग, काली मंदिर, अग्रवाल शिवमंदिर, वनखंडी महादेव मंदिर में भक्तों की कतार लगी रही। शाम को कई स्थानों पर भजन-कीर्तन हुआ। मंदिरों में भोर से लेकर देर शाम तक श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। तीर्थ नगरी सोरोंजी में सोमेश्वर मंदिर, भूतेश्वर मंदिर योगेश्वर मंदिर, नीमेश्वर मंदिर, कटेश्वर मंदिर चकलेश्वर मंदिर, नर्वदेश्वर मंदिर पर श्रद्धालुओं ने दुग्ध और जलाभिषेक किया। सोमेश्वर मंदिर पर शाम को फूल बंगला और आकर्षक झांकी सजाई गई और प्रसाद वितरण किया गया। कस्बा मोहनपुर में ब्रिटिशकालीन महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। कस्बा पटियाली के मिश्राना मुहल्ला स्थित पाताली महादेव मंदिर एवं मेहंदी वाले शिव मंदिर, गड्ढा वाले भोलेनाथ शिवलिग पर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। सहावर के गमा देवी मंदिर एवं सिढ़पुरा में शिव मंदिर पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु उमड़े।



गंजडुंडवारा के पंचायती बाग मंदिर में पूजा अर्चना करतीं श्रद्धालु। ● अमृत विचार

#### श्याम देवता मंदिर में लगा मेला, उमड़ी भीड़

थाना ढोलना क्षेत्र के गांव नरायानी स्थित श्याम देवता मंदिर पर महाशिवरात्री पर्व पर परंपरागत मेला लगा। मेले में बच्चों के मनोरंजन के साधन एवं खाने पीने की वस्तुओं की दुकान सजी। मंदिर में भगवान की पूजा को पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर पुण्य लाभ कमाया। पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालु मेले में पहुंचे और मेले का लुत्फ उठाया। सुरक्षा व्ययवस्था के दृष्टिगत पुलिस, पीएसी बल तैनात किया गया था। सुरक्षा व्यवस्था की कमान एएसपी राजेश कुमार भारतीय ने संभाली। उन्होंने पुलिस बल के साथ मेले में भ्रमण किया।



गंजडुंडवारा में कादरगंज गंगा घाट से जल लाकर भोलेनाथ को अर्पण करने जाते कांवड़िया।



तीर्थ नगरी सोरों के सामेश्वर मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



अमांपुर के प्राचीन शिव मंदिर पर जलाभिषेक को उमड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# मनुष्यों में भेदभाव धर्म के मूल तत्वों के विरुद्ध

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- संघ कार्यालय पर हुई प्रबुद्ध नागरिक विचार गोष्ठी

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा शहर के संघ कार्यालय केशव भवन पर प्रबुद्ध नागरिक विचार गोष्ठी कराई गई जिसमें वक्तओं ने सनातन और पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग करने पर जोर दिया।

सह प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र ने कहा कि हिंदू उदार और सार्वभौम चिंतन है और इसे सांप्रदायिक सीमाओं में बांधना इसके साथ अन्याय होगा। उन्होंने कहा कि देश वासियों को भारतीय उत्पादों का प्रयोग करना चाहिए। एडीएम राकेश पटेल ने पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सदभाव पर जोर दिया। आदि काल से भारत की पहचान हिन्दू धर्म से ही रही है और यह धर्म प्रकृति प्रेमी तथा हर जीव में ईश्वरीय तत्व को मानने वाला है। जाति के आधार पर मनुष्यों का आपस में भेदभाव करना धर्म के मूल तत्वों के खिलाफ है। अपर जिला जज सुधाकर राव ने कहा कि असहिष्णुता की शुरुआत विचारों के कट्टरपन से आती है। जब कोई मजहब सिर्फ अपने को श्रेष्ठ और दूसरे को तुच्छ समझने लग जाए तो दिक्कत खड़ी होती है। कई धर्मों के मतावलंबियों ने यही किया है। यहीं से असहिष्णुता की शुरुआत होती है। आरएसएस के विभाग संघ चालक उमाशंकर शर्मा ने भारतीय भाषाओं को बचाने का विशेष आह्वान किया। अध्यक्षता विनय कुमार जैन ने की। अमलेंदु शर्मा, शिवांशु अग्रवाल, सुनील, अंकित जैन, मनीष मित्तल, सुमित, कुलदीप, संदीप, दिलीप, अनूप, शिल्पी अग्रवाल, अनीता उपाध्याय, डा.अंजना बशिष्ट, वंश गौड़, विकाशानंद, नीरज मौजूद रहे।

# धरा पर शिव पधारे, भर लो भाग्य के भंडारे

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- शहरभर में धूमधाम से निकाली गई प्रभातफेरी
- ब्रह्माकुमारी बहनों ने दिया भगवान शिव का संदेश

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वावधान में प्रभात फेरी निकाली गई। विश्व बैंक कॉलोनी स्थित आश्रम पर कार्यक्रम हुआ। संचालिका ने भगवान शिव का संदेश लोगों तक पहुंचाया। जगह-जगह प्रभात फेरी का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

सुबह सोरों गेट स्थित आश्रम से प्रभात फेरी प्रारंभ हुई। भगवान शिव का संदेश देते हुए प्रभात फेरी में चल रहे भाई एवं बहन शिव की जय-जयकार कर रहे थे। सोरों गेट से चलकर प्रभात फेरी बारहद्वारी, नदरई गेट, गांधी मूर्ति, मालगोदाम चौराहे होते हुई बैंक कॉलोनी स्थित आश्रम पर पहुंची। भगवान शिव का संदेश देते हुए सरोज बहन ने कहा कि शिवरात्रि परमात्मा शिव के अवतरण का यादगार है। परमात्मा शिव पिताश्री प्रजापिता ब्रह्मा के मानवीय तन में प्रविष्ट होकर ईश्वरीय ज्ञान और राजयोग की शिक्षा पिछले 88 वर्षों से दे रहे हैं। वर्तमान समय इस दुनिया में अधर्म का बोलबाला है, पाप अपनी चरम सीमा पर पहुंच गया है। कार्यक्रम का आरंभ बीके सरोज दीदी ने शिव ध्वज फहरा कर किया। इसके बाद सरोज दीदी, करुणा दीदी, जयप्रकाश अग्रवाल, सुलोचना गुप्ता तथा संस्था की समर्पित बहनों ने दीप प्रज्ज्वलन किया और केक काटकर शिवजयंती मनाई। संस्था के कलाकारों द्वारा शिव-शंकर की लघुनाटिका भी प्रस्तुत की गयी। बालक नवीन ने शिवस्तुति का नृत्य प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। रामप्रकाश चौहान, मधुर पुण्ढीर, रामप्रकाश यादव, लक्ष्मी तायल, ओमप्रकाश यादव, रामेश्वर, रामबाबू, बीके लता, सीमा, रूबी, नीरज, आरती, नीरज, मंजू, अशोक, विपिन, उमा, हरिश्चन्द्र, कालीचरण, रवीन्द्र पुण्ढीर, मिथलेश, निहाल सिंह, राजकमल, नेमसिंह, विनीत, कृष्णा, शिवानी, गीता, ललतेश, महेश शर्मा मौजूद रहे।



प्रभात फेरी निकालकर शिव का संदेश देते प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के भाई-बहन। ● अमृत विचार

## शिक्षकों की मेहनत से निपुण भारत अभियान में मिला पहला स्थान

**कासगंज, अमृत विचार :** निपुण भारत अभियान में प्रदेश में जिले को प्रथम स्थान मिलने पर कार्यक्रम में अभियान में जुटे शिक्षकों को सम्मानित किया गया। आरंभ सदर विधायक देवेंद्र राजपूत, अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा, डीएम सुधा वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। डीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कासगंज को निपुण अभियान में प्रथम स्थान मिला है। इसके लिए बेसिक शिक्षाधिकारी राजीव कुमार के नेतृत्व में कार्य कर रहे शिक्षक बधाई के पात्र हैं। बीएसए राजीव कुमार ने अतिथियों और आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। साथ ही शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सीडीओ सचिन यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, जिला पंचायत अध्यक्ष रतनेश कश्यप के अलावा सभी खंडशिक्षाधिकारी व शिक्षक, शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# है भोलेनाथ की शादी, हम तो नाचेंगे...



महाकाल शोभा यात्रा एवं भोले की बरात में निकली भव्य झांकी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** है भोलेनाथ की शादी हम तो नाचेंगे...। भक्ति गीत पर श्रद्धालु शुक्रवार को दिनभर थिरकते नजर आए। बिलराम गेट क्षेत्र के पथवारी मंदिर से भगवान भोलेनाथ की बरात धूमधाम से निकाली गई। श्रद्धालु भोलेनाथ की जय जयकार करते रहे। महाकाल शोभा यात्रा के दौरान वातावरण भक्तिमय था। बैंडबाजों की धुन बजाए जा रहे धार्मिक गीतों पर श्रद्धालु बाबा की भक्ति में लीन झूम रहे थे।

गले में पीतांबर, हाथों में डमरू, जुबां पर भोले की जयकार से वातावरण भक्तिमय था। मौका था शिव बरात का। यहां सुबह से ही बिलराम गेट क्षेत्र में भोले भक्त एकत्रित होने लगे। हाथों में शिवजी की आस्था के प्रतीक झंडे को लिए श्रद्धालु भगवान शिव की जय-जयकार रहे थे। महाकाल शोभा यात्रा एवं शिव बरात में ढोल नगाड़े, अखाड़ा, बैंडबाजे शामिल रहे। बरात की अगुवाई में धर्मध्वज साथ चल रहा था। झांकी भी शामिल थी। भूत, प्रेत, पिशाच स्वरूप बराती बनकर आए थे। बरातियों ने शहर की सडक़ों पर जमकर धमाल मचाया। लोगों ने भगवान शिव की बरात का जगह जगह स्वागत किया। फूल बरसाए, वातावरण सुगंधित था। आस्था महक उठी थी। हर कोई भोले की भक्ति में लीन नजर आया। महाकाल पालकी यात्रा बिलराम गेट से प्रारंभ होकर बारहद्वारी, नदरई, सोरों गेट, गली झौरा भौरा, गली सहावर गेट, गली पचौरिया, सूत की मंडी होती हुई मंदिर पर संपन्न हुई।

**बरात के रही कड़ी सुरक्षा:** सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। कोतवाली प्रभारी सुधीर कुमार सिंह सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले हुए थे। बाजार में जाम की स्थिति न बने इसलिए ई-रिक्शा को बाजार में प्रवेश नहीं दिया जा रहा था।



भोले की बरात में बड़ी संख्या में बराती बन शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

#### आकर्षण का केंद्र थे नंदी पर सवार भोलेनाथ

भगवान शिव की बारात में भोले नाथ नंदी पर सवार होकर आए। श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ के स्वरूप को नंदी की सवारी कराई। पूरे शहर में नंदी की सवारी आकर्षण का केंद्र रही।

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति का किया अनावरण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- पूर्व पालिकाध्यक्ष ने लोकमाता के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर डाला प्रकाश
- आवास विकास कॉलोनी के पार्क में लगाई गई अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति

**अमृत विचार :** आवास विकास कॉलोनी स्थित लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर पार्क में लोकमाता की मूर्ति का अनावरण किया गया। पूर्व पालिकाध्यक्ष ने लोकमाता के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्हें भगवान शिव का अनन्य भक्त बताया। उपस्थित लोगों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

मूर्ति का अनावरण करते हुए पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेंद्र बौहरे ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर धार्मिक प्रवृति की थीं। उन्होंने देश भर में प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों पर मंदिर, घाट बनवाए। कुओं का निर्माण कराया। भूखों के लिए अन्नक्षेत्र खोले। प्यासों के लिए प्याऊ लगवाई।

वह एक समाज सुधारक और धार्मिक महिला थी। वह 11 दिसंबर 1767 को इंदौर की शासक बनी और 28 वर्षों तक मालवा पर शासन किया। अन्य वक्ताओं ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने उन मंदिरों का भी दोवारा निर्माण कराया जिन्हें औरंगजेब द्वारा तोड़ा गया था। महेंद्र सिंह बघेल, डीएस पाल, भूप सिंह भूप एडवोकेट, गोकुल सिंह बघेल, राजाराम पाल, ठाकुरदास बघेल, सोहनलाल बघेल, गौरव बघेल, सतीश, चंद्रपाल, जैनेंद्र पाल, शैलेंद्र, शीलू, सत्यवीर सिंह धनगर, अनिल बघेल, ठाकुर दास बघेल, नन्हेंलाल बघेल, सुखबीर सिंह बघेल मौजूद रहे।



लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति के अनावरण के मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेंद्र बौहरे व अन्य। ● अमृत विचार

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।
ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
- रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
- 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरुष तंदरुस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामबाण इलाज

नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ● भूख न लगना ● कब्ज ● अपच ● गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रुकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व बादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्यायें
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
- शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
- हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
- इन्द्री का ढीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
- वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
- योनि का ढीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 10 मार्च 2024, रविवार 24 मार्च 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463 7599211076

# डीजे वाहन से गिरे कांवड़िया की कैंटर से कुचलकर मौत

## साथियों के साथ लहरा गंगा घाट कांवड़ लेने गया था एटा का संजय

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व के लिए लहरा गंगा घाट कांवड़ लेने गए कांवड़िया की कैंटर वाहन से कुचलकर मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वाहन को कब्जे में लिया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।


मृतक संजय

जिला एटा के थाना मारहरा के गांव फतेहपुर माफी निवासी संजय पुत्र भूरे गांव के अन्य युवाओं के साथ गुरुवार की दोपहर कांवड़ में जल लेने के लिए ट्रैक्टर से निकला था। कांवड़ भरकर जब सभी साथी वापस आ रहे थे तो सोरों-लहरा मार्ग पर उनका ट्रैक्टर जाम में फंस गया। संजय ट्रैक्टर से उतरकर पैदल ही अन्य वाहन तक पहुंचा जिसमें साउंड सिस्टम लगा था। वह वाहन पर चढ़कर भक्तिगीत पर नृत्य करने लगा कि तभी अचानक वह डीजे से नीचे आ गिरा। पीछे से आ रहे कैंटर वाहन ने उसे कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बम-बम भोले के स्वर मातम में बदल गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वाहन को कब्जे में लेकर कार्रवाई की है।

**कांवड़ियों की सेवा कर रहे युवक को मैक्स ने मारी टक्कर, मौत:** गुरुवार को शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा के लिए जगह जगह शिविर लगाए गए थे। गांव प्रहलादपुर पर ग्रामीणों ने कांवड़ियों की सेवा के लिए भंडारा लगाया था। गांव के 45 वर्षीय निरंजन पुत्र कटोरी लाल कांवड़ियों की सेवा में लगे थे।

वह कांवड़ियों को शिविर में आने के मनुहार कर रहे थे कि तभी मार्ग से गुजरते मैक्स वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीण उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले में मुकदमा दर्ज कराया है।

### सड़क हादसे में दर्जन भर घायल, रेफर

गुरुवार को कांवड़ यात्रा के चलते वाहनों का दबाव था तो जिले भर में सड़क हादसे भी हुए। अलग अलग हुए सड़क हादसों में दर्जन भर लोग घायल हुए हैं। घायलों को पुलिस द्वारा जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढ़ रेफर किया है। जिला अस्पताल के मीमो के अनुसार गंभीर हालत में सड़क हादसों के घायल विकास, जितेंद्र, शिवम, अंश, निखिल, मनवीर, रनवीर, विष्णु, राकेश, बृजेश, संदीप, रवि को जिला अस्पताल से अलीगढ़ रेफर किया गया है।

# पुलिस ने चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किए तीन चोर

**कासगंज, अमृत विचार:** वाहन एवं मोबाइल चोर गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार किया है।

28 फरवरी को पटियाली ले गांव मोथरा निवासी सन्तोष ने थाना पटियाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी मोटर साइकिल को बाइक सवार चार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उस समय चोरी कर लिया गया, जिस समय वह रोड़ किनारे बाइक खड़ी कर लघुशंका कर रहा था तथा बाइक पर लगे बैग में उसका मोबाइल फोन भी रखा था। वाहन चोरी की घटनाओं के अनावरण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी पटियाली विजय सिंह राना के नेतृत्व में पुलिस द्वारा बाइक एवं मोबाइल फोन चोरी की घटना से संबंधित तीन चोर रामलखन निवासी पावलडेरा थाना गंजडुण्डवारा, अर्जुन श्रीवास्तव निवासी मौहल्ला खेरु लालकुआ थाना गंजडुण्डवारा, शिवकुमार उर्फ शिब्बू निवासी मोहल्ला वनखण्डी कस्बा व थाना गंजडुण्डवारा जनपद कासंगज को गिरफ्तार किया गया। यह आरोपी बीती सात मार्च को पुलिस मुठभेड़ से भागे हुए हैं। सिढ़पुरा प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि इन्हें न्यायालय में पेश किया गया है।

# नलकूप के लिए मुफ्त बिजली किसानों को वरदान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखते अधिकारी और जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

- लखनऊ में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट में दिखाया गया सीधा प्रसारण

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री ने लखनऊ में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत निजी नलकूपों को मुफ्त बिजली दिए जाने की योजना का शुभारंभ कर किसानों को संबोधित किया। जिसका कलक्ट्रेट सभागार में लाइव प्रसारण दिखाया गया।

सदर विधायक देवेंद्र राजपूत एवं अमांपुर के विधायक हरिओम वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। तमाम कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा सम्मान निधि योजना, हर घर बिजली योजना, हर घर जल योजना का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार अब निजी नलकूपों को मुफ्त बिजली देकर किसानों को सीधा लाभ पहुंचा रही है। डीएम सुधा वर्मा ने कहा कि जिले में योजना का पूरी तरह क्रियान्वन कराया जाएगा। जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने सरकार की योजना की विस्तृत जानकारी दी। किसान संगठनों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने प्रसारण देखा।

# तीन कांवड़ियों समेत 36 लोग सड़क हादसों में घायल

संवाददाता, एटा

- गंभीर घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि पर्व पर तीन कांवड़ियों समेत 36 लोग सड़क हादसों में घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में दाखिल कराया गया है। इनमें से कुछ लोगों की हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर किया गया है।

गुरुवार की रात डाक कांवर लेने जा रहे तरुण कुमार, सोनू तोमर, हिमांशू निवासी एत्मादपुर रामबाग आगरा को एटा के मिरहची थाना क्षेत्र में मिरहची के पास मैक्स ने टक्कर मार दी जिससे तीनों कांवड़िया घायल हो गए।

दूसरी ओर जीटी रोड स्थित नरैरा पर ईको गाड़ी में कैंटर ने टक्कर मार दी। इस घटना में जनपद मैनपुरी के कुरावली क्षेत्र के निवासी झम्मन , ईशू निवासी कुरावली, सुखवीर सिंह निवासी जनापुर थाना मोहम्मदाबाद फर्रुखाबाद घायल हो गया। सभी को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में दाखिल कराया गया है।

इधर जनपद फर्रुखाबाद के शाशागंज के गांव नगला कुनाल निवासी अतुल कुमार पुत्र श्यामवीर सिंह, प्रयांशू निवासी मारहरा, सुमित निवासी एका फिरोजाबाद, यशवंत निवासी सकतपुर एटा, पिलुआ के गांव बमनई निवासी लायक सिंह के अलावा अन्य 25 लोग अलग-अलग सड़क हादसों में घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए यहां के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# प्रेम प्रसंग के चलते युवक ने फंदा लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- आम के बाग में दुपट्टे से पेड़ पर लटका मिला शव

**अमृत विचार :** कोतवाली गंजडुंडवारा के गांव भुजपुरा के समीप आम के बाग में पेड़ पर एक युवक का शव फंदे से लटका मिला। प्रेम प्रसंग के चलते युवक ने खुदकुशी की चर्चा है। परिजनों का आरोप है कि युवती के घरवालों ने मारपीट की जिससे क्षुब्ध होकर उसने फंदा लगा लिया।


मृतक बृजेश

सिढ़पुरा के गांव सुनहरा निवासी बृजेश का किसी युवती से प्रेम प्रसंग था। कुछ समय पूर्व वह युवती को लेकर चला गया था। बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। गुरुवार की दोपहर बृजेश का शव थाना गंजडुंडवारा क्षेत्र के गांव भुजपुरा स्थित ताज ईंट भट्टे के समीप बाग में आम के पेड़ पर लटका मिला। इंस्पेक्टर विनोद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया। आसपास के लोगों एवं परिजनों से बातचीत की । फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। मौके से फोटोग्राफ तथा घटना से संबंधित साक्ष्य एकत्रित किए । मृतक के पिता रमेश का आरोप है कि युवती के परिजनों ने उसके पुत्र के साथ मारपीट की। जिससे क्षुब्ध होकर उसने यह कदम उठाया है। इंस्पेक्टर का कहना है कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी संज्ञान लिया जाएगा।

निर्माण की उम्मीद | शासन से मिले संकेत, जल्द मिलेगी पुल के लिए पुनरीक्षित धनराशि

# काली नदी पर पुल निर्माण शीघ्र होगा पूरा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** काली नदी पुल पर निर्माण लंबे समय से लटका हुआ है, जिससे झाल के पुल पर वाहनों का अतिरिक्त बोझ है। इधर लागत बढ़ जाने के कारण पुनरीक्षित प्रस्ताव शासन को पूर्व में भेजा गया था। लंबे समय तक प्रस्ताव लटक रहा और कुछ महीने पहले ही प्रस्ताव को हरी झंडी मिली है , लेकिन अब पुनरीक्षित धनराशि मिलने के भी संकेत सेतु निगम को मिल गए हैं। सेतु निगम में दावा किया है कि इसी महीने धनराशि मिल जाएगी और फिर दो महीने में पुल का निर्माण पूरा कर दिया जाएगा।

वर्ष 2020 में कैनाल बाइपास पर झाल के पुल के समीप काली नदी में पुल निर्माण का प्रस्ताव तैयार हुआ। इसी वर्ष इस प्रस्ताव को स्वीकृति मिली, फिर 29 करोड़ 74 लाख आठ हजार रुपये की शासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। धनराशि भी सेतु निगम को दे दी गई। सेतु निगम ने इस पुल का निर्माण शुरू किया, लेकिन धीमे-धीमे पुल की लागत भी बढ़ गई। काम रफ्तार नहीं पकड़ सका। अब तक निर्माणाधीन पुल का कार्य अधर में लटका हुआ है जिससे लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इधर महंगाई के कारण पुल की लागत से बढ़ जाने को लेकर सेतु निगम ने शासन को पुनरीक्षित प्रस्ताव भेजा। जिसमें लगभग तीन लाख रुपये से अधिक की लागत बढ़ गई। यह प्रस्ताव अक्टूबर 2023 में शासन को भेजा गया था। तब से यह शासन स्तर पर ही लंबित था। इधर काम भी रूका हुआ था अब शासन ने पुनरीक्षित प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। कुल 33 करोड़ 12 लाख 85 हजार रुपये की लागत से अब इस पुल का निर्माण पूरा होगा।


कैनाल बाइपास पर काली नदी पर निर्माणाधीन पुल। ● अमृत विचार

**ऐतिहासिक पुल पर बढ़ रहा बोझ:** काली नदी का पुल अधूरा होने के कारण बाइपास के वाहनों को प्राचीन झाल के पुल से निकाला जा रहा है। भारी वाहन यहां से निकाले जा रहे हैं तो इस पुल भी अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है और यह भी कमजोर हो रहा है। यह ब्रिटिशकालीन पुल है।

### आंकड़े की नजर से

- 350 मीटर लंबा है निर्माणाधीन पुल
- 7 .5 मीटर है पुल की चौड़ाई

"दे निर्माणाधीन पुल पर नए सिरे से प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। लागत बढ़ गई थी। नए प्रस्ताव को स्वीकृति मिली है। इसी महीने धनराशि मिल जाएगी। धनराशि मिलने के बाद लगभग दो महीने में पुल का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।
– **वीरेंद्र सिंह**, डीपीएम सेतु निगम।

# कांवड़ियों-शिवभक्तों की सेवा को लगाये शिविर

संवाददाता, एटा

• शिविरों में अल्पाहार, दवायें व अन्य व्यवस्थाएं की गईं

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व पर शिवभक्तों ने दूसरे दिन गंगा घाटों पर पहुंचकर गंगाजल लिया और कांवर सजाकर गन्तव्यों की ओर रवाना हो लिये, वहीं दूसरी ओर कांवरियों की सेवा के लिए शहर के अलावा विभिन्न मार्गों पर जगह-जगह सेवा केन्द्र भी लगाये गये। जहां रातभर कांवरियों की सेवा में शिवभक्त जुटे रहे।

शिविरों में कांवड़ियों को विश्राम, जलपान व चिकित्सा की व्यवस्थायें की गयीं थीं। शहर में ही शिकोहाबाद रोड, रेलवे रोड, जीटी रोड, आगरा रोड, कासगंज रोड, गंजडुण्डवारा रोड आदि स्थानों पर सेवा शिविरों में श्रद्धालु जुटे नजर आये। अवागढ़ में सेवा शिविर में स्वल्पाहार, दवा आदि व्यवस्थायें की गयीं।

जलेसर और रिजोर में भी सेवा शिविर में भी कांवडियों की सेवार्थ समाजसेवी आगे आएं। नगर में कई स्थानों पर भण्डारे आयोजित किए गए। वहीं कैम्प लगाकर दूध, चाय और दवा का वितरण किया जा रहा है।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084
डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

# हजारों श्रद्धालुओं ने शिवालयों में किया जलाभिषेक

## महाशिवरात्रि: बम-बम भोले के जयकारों से गूंजे शिवालय, मंदिरों में देर रात तक हुए धार्मिक अनुष्ठान

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि जिलेभर में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही शिवालयों में मंगलकारी, भष्मधारी भगवान भोलेनाथ के दर्शन को श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था। भोलेनाथ को दूध व जल से नहलाने को पूरे दिन श्रद्धा का रेला उमड़ता रहा। विशेष पूजा पर्व के चलते भगवान शिव को दोपहर का शयन भी नहीं कराया गया। रुद्री पाठ और शिव के स्तोत्र में श्रद्धालु ऐसे मगन हुए कि सुध-बुध खो बैठे। भक्ति की रश्मियों से वातावरण आलोकित हुआ तो मानों देवालयों की अंगनाई निहाल हो गई।

गृह नक्षत्रों के संयोग ने इस बार महाशिवरात्रि 8 मार्च को मनाने का संयोग बना, लेकिन भोले की भक्ति में श्रद्धा का उत्सव एक दिन पहले ही आस्था के घड़े से पूरी रौ में फूट पड़ा। शिवरात्रि के महा व्रत पर श्रद्धालुओं ने घर में महादेव का विधि विधान से पूजन किया। शिवालयों में दूध, जल अर्पित कर बेलपत्र, धतूरा, भांग, समी पत्र, काले तिल व फल फूल चढ़ाकर मनोकामना की। मंदिरों को गेंदा के फूलों से सजाया गया। कुछ मंदिरों में भक्तों को आसानी से दर्शन मिले तो कहीं कतार में लगने का सुख संतोष मिला। प्राचीन कैलाश मंदिर, पथवारी मंदिर, मां दुर्गा मंदिर परिसर में स्थित शिवालयों में दर्शन पूजन का सिलसिला चलता रहा। शहर व देहात क्षेत्रों के मंदिरों में भी श्रद्धा की डगर दोपहर बाद तक चलती रही।



कैलाश मंदिर में दूध, जल, बेलपत्र चढ़ाते शिवभक्त। • अमृत विचार



कैलाश मंदिर पर पूजा अर्चना के लिए बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु। • अमृत विचार

### कैलाश मंदिर के चतुर्मुखी शिवलिंग पर किया जलाभिषेक

शहर के ऐतिहासिक कैलाश मंदिर में महाशिवरात्रि की धूम मची रही। हजारों शिवभक्त महिलाएं, पुरुष, बच्चे बम-बम भोले का जयकारा लगाते हुए कैलाश मंदिर में शिवरात्रि की पूजा करने पहुंचे। कैलाश मंदिर एटा का दक्षिण मुखी चतुर्मुखी शिवलिंग भारत में इकलौता और अनोखा शिवलिंग है। सोरों जी से कांबड लाकर श्रद्धालुओं ने कैलाश मंदिर में चढाई। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये बड़ी संख्या में महिला और पुरुष पुलिस बल की तैनाती यहां की गयी। जिला अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल और एसएसपी उदय शंकर सिंह ने खुद मंदिरों और कांवड़ रूटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### शिव मंदिरों पर रही पुलिस की नजर

महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिरों पर पुलिस बल सुरक्षा की नजर से तैनात रहा। हालांकि इस बार अलग से पुलिस बल थाने को नही दिया गया। इस बार जनपद के थाने और कोतवाली पुलिस ने अपने अपने थाना क्षेत्रों मे स्थित शिव मंदिरों पर सुरक्षा की दृष्टि से नजर रखे रहे, जिससे श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत नहीं हुई।

### शिवरात्रि को घर-घर पहुंचे सपेरे

शिवरात्रि के दिन सर्पों को लेकर मांगने खाने वाले सपेरे शहर व कस्बों के गांव-गांव और घर घर पहुंचकर शिवरात्रि का अलख जलाकर नागों के दर्जन करने के नाम पर लोगों से रुपये व अनाज मांगा। इसमें काफी बच्चे भी शामिल रहे। वह भी एक एक सर्प लेकर गांवों में पहुंच गये। एक चैपाल पर सर्प को छोड़ दिया और शिवशंकर के भक्तों से रुपये मांगे। यह क्रम शाम तक चलता रहा।

### महादेव मंदिर पर उमड़ी भक्तों की भीड़:

महादेव मौजा परसौन नाथ मेला का आयोजन किया गया है। यह विशाल मेला पशुओं के लिए एक प्रसिद्ध मेला है। यहां पर बाहर से आए पशु व्यापारी अपने अपने पशुओं का व्यापार बड़े ही आनंद के साथ किया करते हैं। इस मेले का आयोजन वर्ष में महाशिवरात्रि पर्व एवं बल्देव छठ पर किया जाता है। यहां पर दूर-दराज से आने वाले कांवरियों तथा श्रद्धालुओं की ठहरने की समुचित व्यवस्था हर वर्ष जनता इंटर कालेज परसौन की तरफ से की जाती है। मान्यता कि यह पवित्र मौजा परसौन महर्षि परशुराम की जन्मभूमि है। इसी लिए यह स्थान बड़ा पूज्यनीय माना जाता है।

# 41 ग्राम पंचायतों के भूलेखों में दर्ज खेल मैदान होंगे विकसित

**एटा अमृत विचार:** ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेलने के लिए पूर्व में ही खेल के नाम से जमीन ग्राम पंचायतों में दर्ज हैं लेकिन मैदान अब तक विकसित नहीं हो पाए हैं। 41 ग्राम पंचायतों में दर्ज जमीन का ब्योरा युवा कल्याण विभाग की ओर से जुटाया है। पत्राचार कर मैदानों को विकसित करने के लिए पहल की गई है।

राजस्व विभाग के अभिलेखों में दर्ज ग्राम पंचायतों में खेल के मैदान बनाए जा सकते हैं लेकिन जमीन का अभाव का रोना होता रहा है। जिले में 569 ग्राम पंचायतें हैं, इनमें से 41 में खेल मैदान के नाम से जमीन अभिलेखों में दर्ज है। युवा कल्याण विभाग की ओर से पहल की गई तो भूलेख में जमीन पाई गईं, इसका पूरा ब्योरा जुटाया गया है। पहले उपलब्ध जमीन को राजस्व विभाग के माध्यम से दिखवाया जाएगा कि किस गांव में जमीन उपलब्ध है और कहां पर कब्जा किया गया है।

जहां भी जमीन पर कब्जा पाया जाएगा, उसको मुक्त कराया जाएगा। इसके लिए पत्राचार किया गया है। जिला युवा कल्याण अधिकारी अनीस कुमार ने बताया कि जिले में 41 ग्राम पंचायतों में खेल मैदान की जमीन दर्ज पाई गई है। इन मैदानों को विकसित करने की पहल की गई है।

# जलाभिषेक कर भोले बाबा से मांगीं मनौतियां

**जलेसर ,अमृत विचार:** महाशिवरात्रि पर्व पर जलेसर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के शिव मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। पटना पक्षी बिहार में हजारों भक्तों ने गंगा घाट से लाकर कांवर चढ़ाई। सुरक्षा को दृष्टिगत उप जिलाधिकारी जगमोहन गुप्ता एवं क्षेत्राधिकारी लगातार दौरा करते रहे।

महाशिवरात्रि पर्व पर महाभारत कालीन पौराणिक शिव मंदिर पटना पक्षी विहार पर भक्तों की भारी भीड़ रही। वहीं भारी भीड़ को दिष्टगत भारी पुलिस बल वल तैनात किया। इसी क्रम में जलेसर नगर के चिंता हरण महादेव मंदिर संकट हरण मंदिर मां दुर्गा मंदिर नागेश्वर बगीची स्थित शिव मंदिर एवं अन्य मंदिरों पर भी गंगा घाट से जल लाकर चढाया गया।

# इनर व्हील क्लब ने किया कार्यक्रम महिलाओं को किया सम्मानित

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** इनर व्हील क्लब एटा द्वारा अहाता भन्नामल गांधी मार्केट में महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बेटी शिक्षित-माता वंदित योजना के तहत जरूरतमंद छात्राओं और माताओं को एक-एक किट प्रदान की गई। प्रत्येक किट में एक साड़ी, एक लेडीज सूट, एक पानी की बॉटल, एक टिफिन, एक शॉल, एक बैग एवं महिलाओं से संबंधित अन्य जरूरत का सामान रखा गया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष रिंकी जैन, सचिव ज्योति गुप्ता, कोषाध्यक्ष नेहा जैन व साधना देव वार्ष्णेय, आरती गुप्ता, सीमा गोस्वामी, दीपा जैन, रितिका जैन, गुंजन, प्रीति सिंघल, सारिका सिंह, अंजली गुप्ता, बेबी गुप्ता, अर्चना गुप्ता, दिव्या राज सक्सेना आदि शामिल हुए।



कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब की सदस्य एवं छात्राएं। • अमृत विचार

# महिला दिवस पर महिलाओं को बांटे फल और वस्त्र



महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं। • अमृत विचार

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** विश्व महिला दिवस के अवसर पर मां पूर्णागिरि हॉस्पिटल में फल, वस्त्र वितरण कार्यक्रम किया गया। डॉ. शशिप्रभा ने कहा किवर्तमान परिस्थिति में महिलाओं को स्वरोजगार, स्वाबलंबन की ओर ध्यान देना चाहिए।पंचायत विकास संस्थान की कोषाध्यक्ष सरिता कुमारी ने कहा कि शिक्षित महिलाएं कम्प्यूटर कोर्स करके घर बैठे ऑनलाइन वर्क कर सकती हैं। वर्तमान में लोकवाणी जनसेवा केंद्र भी रोजगार का बड़ा माध्यम है। कार्यक्रम में डॉ हरिवंश राजपूत, राजेश राजपूत, नीरज राजपूत, मटरलता, मुन्नीदेवी, रुक्मणि, बेबी, मिथलेश, कमला देवी, रितु देवी, देवकी, गौरी देवी, रोशनी आदि उपस्थित रहे।

# महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**एटा अमृत विचार:** महिला दिवस के अवसर पर सीडीओ अवधेश बाजपेई, अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा, एडीएम प्रशासन सत्यप्रकाश तथा क्षेत्राधिकारी नगर विक्रांत द्विवेदी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों में कार्यरत महिलाओं के साथ महिलाओं एवं बालिकाओं की बैठक आयोजित की गई। महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी लाने एवं सामाजिक जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन जागृति अभियान के बारे में बताया गया।

इस अवसर पर डॉ. नीतू कुमारी, चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागवाला, शिवानी यादव, प्रवक्ता राजकीय इंटर कालेज, मन्जू यादव सहा. अध्यापक राजकीय बालिका इंटर कालेज एटा, शशी मिश्रा सहा. अध्यापक राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, कु. सुशीला सहा. अध्यापक राजकीय हाई स्कूल सरनऊ, अनामिका चैधरी सहा. अध्यापक राजकीय हाई स्कूल रिजोर ने अपने जीवन में संघर्षों के उतार चढ़ाव से जुड़ी हुई बातें साझा की। महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# सात ब्लॉकों की 17 ग्राम पंचायतें हुईं टीबी मुक्त

**एटा, अमृत विचार:** जिले में सात ब्लॉकों की 17 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित कर दिया गया है। तीन स्तर पर मरीजों की खोज की गई। इसके बाद भी इन ग्राम पंचायतों में कोई मरीज नहीं मिला।

सीएमओ डॉ. उमेश त्रिपाठी ने बताया क पंचायती राज विभाग के सहयोग से जिले की 17 ग्राम पंचायतों को दो माह पूर्व टीबी मुक्त का दावा किया गया था। हकीकत में ग्राम पंचायत टीबी मुक्त है या नहीं इसकी जांच तीन स्तर पर कराई गई। रिपोर्ट में सब कुछ दावे के अनुरूप पाया गया। 24 मार्च को जिलाधिकारी द्वारा प्रमाणपत्र दिया जाएगा।

**यह पंचायतें हुई टीबी मुक्त:** अलीगंज ब्लॉक की दादूपुर, अवागढ़ की रेजुआ व नरहोली, जैथरा ब्लॉक की दौलतपुरा, निधौली कलां की भूपालपुर और पचपेड़ा, जलेसर की पवरा, नगला मीर व मोहब्बतपुरा, सकीट की मंसखपुर, फतेहपुरा, सलेमपुर सानी, उम्मेदपुर रिजोर, मुबारिकपुर छछैना, नगला हमीर, भरतौली, शीतलपुर ब्लॉक की पहरा ग्राम पंचायत।

# पुलिस व अर्द्धसैनिक बल ने किया फ्लैगमार्च



अलीगंज में सीओ के साथ फ्लैग मार्च करते अर्द्धसैनिक बल के जवान। • अमृत विचार

संवाददाता, अलीगंज/ जैथरा

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से अलीगंज विधानसभा क्षेत्र के अलीगंज और जैथरा क्षेत्र में पुलिस ने अर्द्धसैनिक बल के संग ऐरिया डोमिनेशन कर फ्लैग मार्च किया।

पुलिस और अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। इस दौरान अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने अलीगंज क्षेत्राधिकारी के साथ मिलकर गांवों और कस्बा के संवेदेनशील, अतिसंवेदनशील मतदान क्षेत्रों में जाकर निष्पक्ष मतदान का माहौल बनाया।

वहीं जैथरा के ग्राम धुमरी, दतोली, पिपहरा, सहोरी, नगला मनिका, नगला नीरू, प्रहलादपुरा, कुकपुरा, मायाचक, नगला बली एवं कस्बा जैथरा तथा थाना अलीगंज के ग्राम अकबरपुर कोट, नकटई खुर्द, लडसिया, कंचनपुर आसे, किनोडी खेराबाद, मौहम्मदनगर बझैरा, नंगला जैत व कस्बा अलीगंज क्षेत्र में फ्लैग मार्च करते हुए अलीगंज कस्बा में समाप्त हुआ।

# महिलाओं के कल्याण के लिए चल रहीं तमाम योजनाएं

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

• प्रचार वाहन को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

• मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत बालिका को दिया लैपटॉप

**अमृत विचार :** महिला दिवस के उपलक्ष्य में डीएम ने महिला संबंधी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहन को कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला कल्याण एवं सुरक्षा योजनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत पात्र लाभार्थी बालिका रुचिका को लैपटॉप दिया।

डीएम सुधा वर्मा ने कहा कि महिला कल्याण विभाग द्वारा केंद्र और प्रदेश सरकार की तमाम ऐसी योजनाओं को संचालित किया जा रहा है जो महिलाओं के कल्याण और सुरक्षा के लिए बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रचार वाहन शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर महिला कल्याण योजनाओं की जानकारी देगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी कोमल पवांर ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर जोर दिया। वन स्टॉप सेंटर मैनेजर प्रियंका द्वारा महिलाओं, बालिकाओं के साथ डिजिटल शिक्षा, व उनके अधिकारों, स्वतंत्रता, कन्या भुण हत्या,बाल श्रम,बाल विवाह ,दहेज प्रथा, लघु उद्योग एवं अपनी पहचान स्वयं बनाने के लिए प्रेरित किया। सीडीओ सचिन, एडीएम राकेश कुमार पटेल, डिप्टी कलेक्टर योगिता सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।





महिला दिवस पर प्रचार वाहन को रवाना करतीं डीएम सुधा वर्मा। • अमृत विचार

### रेलवे इंजीनियर विभाग में महिला कर्मचारियों का सम्मान

महिला दिवस पर रेलवे के इंजीनियर विभाग द्वारा विभागीय महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। उन्हें स्मृति चिन्ह दिए गए। सेक्सशन इंजीनियर राकेश कुमार गौतम ने समाज में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा की। धर्मा देवी, मालती, राजवती, रूखसार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित किया। केदार प्रसाद, सतीश चंद्र पाल, मोहित कुमार, बृजपाल, विजय कुमार, जितेंद्र कुमार मौजूद रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरे सभी अभिलेखों में मेरा नाम फूलवती पत्नी स्व. सुरेश है जो कि गलत है। जबकि मेरा वास्तविक नाम पूनम देवी पत्नी स्व. सुरेश है। भविष्य में मुझे पूनम देवी पत्नी स्व. सुरेश के नाम से जाना व पहचाना जाये। **फूलवती पत्नी सुरेश, निवासी-अर्सिस बर्खिन, जिला बदायूँ**

सूचना
मेरे सभी अभिलेखों में मेरा नाम नन्हे पुत्र सुरेश व जन्मतिथि 01.01.1992 दर्ज है जो कि गलत है। जबकि वास्तविक नाम प्रदीप कुमार तथा जन्म तिथि 15.03.1997 है। भविष्य में मुझे प्रदीप कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाये व जन्म तिथि 15.03.1997 माना जाये। **नन्हे पुत्र सुरेश, निवासी-अर्सिस बर्खिन, जिला बदायूँ**

सूचना
मैंने अपने पुत्र अजय पाल को उसके गलत संगत व दुर्व्यवहार के कारण उससे सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **बिहारी लाल पुत्र श्री बुद्धसेन, निवासी- ग्राम पिपराखास, पोस्ट व थाना बरखेड़ा कलां, तहसील व जिला पीलीभीत व हाल निवासी ग्राम मुड़िया अहमद नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली मो. 9457432866**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

